आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 22.12.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

1. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी नड्डा ने कल सरकार के सौ दिवसीय सघन तपेदिक उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की।

2. राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है।

3. स्मार्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के तहत श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने शहरी संपत्तियों का डिजिटल डेटाबेस सर्वेक्षण शुरू किया है।

4. दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन उन्नीस से चौबीस दिसम्बर तक सुशासन अभियान ''प्रशासन गांव की ओर'' मना रहा है।

5. श्री विजयपुरम में छह से बीस जनवरी तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल सरकार के सौ दिवसीय सघन तपेदिक उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। श्री नड्डा ने अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मुख्यमंत्रियों से सहयोग का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है। आम जनता से चालकों द्वारा अत्यधिक किराया वसूले जाने से संबंधित प्राप्त शिकायत के बाद विभाग ने ऑटोरिक्शा मोटर वाहन अधिनियम उन्नीस सौ अट्ठासी की धारा चौहत्तर और धारा छियानबे के अनुसार ऑटोरिक्शा और टैक्सी वालों को इस मामले में किराया मीटर लगाने और उसे उचित कार्य स्थिति में बनाए रखने के लिए कहा है। ऑटोरिक्शा परमिट धारकों को ऐसी गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है। उल्लंघन करने पर ऑटों चालकों के परमिट रद्द भी किए जा सकते हैं। परमिट शर्तों पर सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाए जाएंगे। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद द्वीपसमूह के लिए लागू ऑटोरिक्शा किराए में संशोधन किया है

तथा ऑटो–रिक्शा परमिट धारक और चालकों को अपने किराया मीटर को नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के मापतौल संभाग से अधिसूचित किराया मीटर और स्टैम्प लगवाने को कहा है। ऑटोरिक्शा मालिकों को राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी किराया चार्ट को अपने ऑटोरिक्शा में प्रदर्शित करना होगा। किराया मीटर के अनुसार ही वसूला जाना चाहिए। निर्धारित ऑटो किराए से अधिक शुल्क लेना, यात्रियों के अनुरोध के अनुसार ऑटोरिक्शा चलाने से इनकार करना तथा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया जाएगा।

आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऑटोरिक्शा चलाने से मना करने, यात्रा शुरू होने से पहले किराया मीटर न लगाने तथा अत्यधिक शुल्क लेने आदि के संबंध में अपनी शिकायतें परिवहन निदेशालय सचिव, को ऑटोरिक्शा की पंजीकरण संख्या तथा शिकायत के विवरण के साथ भेजें और दिए गए नम्बरों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

<><><><><><><>

स्मार्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के तहत श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने शहरी संपत्तियों का डिजिटल डेटाबेस सर्वेक्षण शुरू किया है। स्मार्ट सिटी परियोजना के एक भाग के रूप में, स्मार्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के तहत नगरपालिका परिषद ने शहरी क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपत्तियों का डिजिटल डेटाबेस बनाने के लिए एक व्यापक शहरव्यापी सर्वेक्षण शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिक सेवाओं को बढ़ाना, संपत्ति प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और भविष्य के लिए शहरी नियोजन को बढ़ावा देना है। यह सर्वेक्षण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा अपने सहयोगी ऑलवी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सक्रिय भागीदारी के साथ किया जा रहा है। सर्वेक्षण में घरों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों को शामिल किया जाएगा, जिसमें खुले क्षेत्र शामिल हैं। नगरपालिका परिषद ने सभी नागरिकों से सर्वेक्षण टीम को सहयोग देने का आग्रह किया है। नगरपालिका परिषद सभी एकत्रित जानकारी को गोपनीय रखने का आश्वासन दिया है। अधिक जानकारी के लिए, पी बी एस पी एल कार्यालय के सहायक अभियंता अब्दुल वहाब से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत सरकार की प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा की गई पहल के एक भाग के रूप में दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन उन्नीस से चौबीस दिसम्बर तक सुशासन अभियान

"प्रशासन गांव की ओर" मना रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन को लोगों के करीब लाने पर लोगों का ध्यान केन्द्रित करना हैं। प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत विम्बर्लीगंज सामुदायिक हॉल में दक्षिण अण्डमान के सहायक आयुक्त विनायक चमाड़िया की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक आयुक्त ने जनता की शिकायतों को ध्यान से सुना और संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया। सुशासन शिविर के दौरान सहायक आयुक्त द्वारा आम जनता को ओ बी सी प्रमाणपत्र तथा खतरनांक पेड़ों को काटने का आदेश दिया गया। इसके बाद पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य और संबंधित विभागों के साथ एक अलग बैठक कर, पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार किया गया और उनके निवारण के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

उधर, ग्राम पंचायत गोविन्द नगर में भी सहायक आयुक्त सेटलमेंट अभिषेक गुलिया की अध्यक्षता में कैम्प कोट का आयोजन किया गया। सहायक आयुक्त ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों को समस्याओं के समाधान करने का निर्देश दिया।

इस शिविर के दौरान आय प्रमाणपत्र, निवासी प्रमाणपत्र, ओ बी सी और स्थानीय प्रमाणपत्र जारी किए गए। श्री विजयपुरम के तहसीलदार ने मौके पर एक म्युटिशियन केस और एक सरेन्डर केस का आदेश दिया, जिससे जनता को तत्काल राहत मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रशासन गांव की ओर दृष्टिकोण के तत्वाधन में आयोजित सप्ताह भर के समारोह में पारदर्शिता, जवाबदेही और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिया गया। शिविर में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के अलावा पुलिस विभाग, ए. पी. डब्ल्यु डी, चिकित्सा विभाग, अग्निशमन सेवा, नागरिक आपूर्ति, पशुचिकित्सा अस्पताल सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में छह से बीस जनवरी तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्या मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस ने हाल ही में एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिकायत प्राप्त करने के बाद पॉक्सो अधिनियम दो हज़ार बारह के तहत मामला दर्ज किया गया। भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेईस की धारा के साथ कालीघाट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी पास के जंगलों में भाग गया। कालीघाट पुलिस थाना प्रभारी आशोक कुमार बघेल के नेतृत्व में पुलिस दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गहन तलाशी कर आरोपी को पास के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया गया। संपूर्ण जांच एस डी पी ओ डिगलीपुर अंकेश यादव और पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगथन के देख–रेख में की गई।

<><><><><><><>

मार्क्सवादी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य इकाई के सचिव डी. अय्यप्पन ने अम्मू मेनन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनका कल कोझीकोड, केरल में निधन हो गया। वे बयासी वर्ष की थीं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित रामकृष्ण मिशन में आज मां शारदा की एक सौ बहत्तरवीं जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में आज सुबह से ही आर के मिशन में  पूजा–अर्चना के कार्यकम होगें और दोपहर में भक्तों में भाग का वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>